# हिमाचल अभी अभी

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 11 अंक 46 कांगड़ा। शनिवार, 14 फरवरी -20 फरवरी, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 03 फाल्गुन, विक्रमी संवत् 2082 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26




बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़े रहस्य -पढ़ें पेज 4

# डॉ. राजेश ने सीएम सुक्खू को सौंपा सुधारों का 'ब्लूप्रिंट' बोर्ड परीक्षाओं और डिजिटल बदलावों पर मिली हरी झंडी



■ पंकज शर्मा/धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने नई दिल्ली स्थित हिमाचल सदन में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात को प्रदेश की आगामी शैक्षिक नीतियों और बोर्ड की कार्यप्रणाली में होने वाले बड़े बदलावों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीएम के साथ हुई इस विस्तृत चर्चा में डॉ. शर्मा ने शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का विजन साझा किया।

मुलाकात के दौरान डॉ. राजेश शर्मा ने सीएम को बोर्ड द्वारा हाल ही में शुरू किए गए नवाचारों और प्रशासनिक सुधारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने, मूल्यांकन प्रक्रिया को सटीक करने और परिणामों को समयबद्ध घोषित करने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा बोर्ड के इन प्रयासों की सराहना की और छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए व्यवस्था परिवर्तन के निर्देश दिए।

- डॉ. राजेश ने सीएम को हाल ही में शुरू किए नवाचारों और प्रशासनिक सुधारों से अवगत कराया
- डिजिटलाइजेशनव 'डोर-स्टेप' सर्विस पर जोर, आगामी परीक्षाओं की तैयारियों का लिया फीडबैक

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बोर्ड अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में बोर्ड की सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और 'यूजर-फ्रेंडली' बनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों के छात्रों को प्रमाण पत्र, माइग्रेशन या अन्य सुधारों के लिए धर्मशाला मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार अनिवार्य है। बोर्ड अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि बोर्ड जल्द ही कई सेवाओं को 'वन-क्लिक' पर उपलब्ध कराने जा रहा है।

बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजामों को लेकर भी चर्चा हुई। डॉ. राजेश शर्मा ने सीएम को विश्वास दिलाया कि शिक्षा बोर्ड नई शिक्षा नीति (NEP) के प्रावधानों को धरातल पर उतारने और प्रदेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मंच प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मुलाकात के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में बोर्ड की कार्यप्रणाली में कुछ बड़े और छात्र-हितैषी फैसले देखने को मिल सकते हैं।

YouTube देखें वीडियो